कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

सत्यमेव जयते

मुख्यालय/Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110 002
Panchdeep Bhawan, C.I.G. Marg, New Delhi-110 002
Phone: 011-23234092/93/98
Website : www.esic.nic.in / www.esic.in

फा.सं.: ई-13/14/25/2022-पीआर

दिनांक : 14.12.2022

# प्रेस-प्रकाशनी

## सरकार श्रमिकों के लिए चिकित्सा सेवाओं की आसान पहुंच के लिए आधारभूत संरचना तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध - श्री भूपेंद्र यादव

## क.रा.बी.निगम दंत्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल , रोहिणी के चौथे बैच का 14.12.2022 को आयोजित स्नातक समारोह (ग्रेजुएशन सेरेमनी)

क.रा.बी.निगम दंत्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, रोहिणी के वर्ष 2015-16 बैच के छात्रों का स्नातक समारोह दिनांक 14.12.2022 को सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। श्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में, **श्री रामेश्वर तेली**, श्रम एवं रोजगार तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री, भारत सरकार, सुश्री आरती आहूजा, सचिव, श्रम एवं रोजगार, भारत सरकार, डॉ. राजेंद्र कुमार, महानिदेशक, क.रा.बी.निगम और प्रो.(डॉ.) महेश वर्मा, कुलपति, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस समारोह की शोभा बढ़ाई।

**सरकार श्रमिकों के लिए चिकित्सा सेवाओं की आसान पहुंच के लिए आधारभूत संरचना तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध - श्री भूपेंद्र यादव**

क.रा.बी.निगम दंत्य महाविद्यालय के स्नातकों को माननीय केंद्रीय मंत्रियों द्वारा मेरिट पुरस्कार प्रदान किए गए। श्री भूपेन्द्र यादव ने युवा स्नातकों को बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सा सेवा प्रदान करना समाज सेवा करने का सर्वोत्तम तरीका है। उन्होंने कहा कि सरकार हमारे देश के श्रमिकों के लिए चिकित्सा सेवाओं की आसान पहूंच के लिए आधारभूत संरचना तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री ने कोविड-19 के अनिश्चित समय के दौरान जरूरतमंदों की सेवा के लिए क.रा.बी.निगम के डॉक्टरों और परा-चिकित्सा स्टाफ द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बीमाकृत व्यक्तियों और अपने लाभार्थियों की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए क.रा.बी.निगम

द्वारा चिकित्सा सेवाओं में आधुनिक तकनीकों के उपयोग की भी सराहना की। श्री रामेश्वर तेली ने युवा स्नातकों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों से देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने और स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने में मदद करने का आह्वान किया ।

सुश्री आरती आहूजा, सचिव ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा कोड के कार्यान्वयन से ईएसआई योजना के तहत श्रमिकों की संख्या में कई गुना वृद्धि होगी और आने वाले समय में ईएसआईसी का कार्य कई गुना बढ़ने वाला है, जिसके लिए ईएसआईसी को तैयार रहना चाहिए।

महानिदेशक, ईएसआईसी ने कहा कि ईएसआईसी बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है क्योंकि सामाजिक सुरक्षा कोड लागू होने के बाद असंगठित क्षेत्र के कर्मचारी ईएसआई योजना के दायरे में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि ईएसआईसी का इकोसिस्टम बहुत तेजी से बढ़ने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि ESIC चिकित्सा सेवाओं में नवीनतम नवाचार का उपयोग करने की दृष्टि से काम कर रहा है, ताकि डॉक्टरो को सर्वोत्तम प्रशिक्षण और मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में सर्वोतम उपकरण उपलब्ध करवा जा सके।

क.रा.बी.निगम दंत्य महाविद्यालय, रोहिणी की स्थापना श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में वर्ष 2010 में की गई थी। इस महाविद्यालय द्वारा निगम ने दंत्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश किया। क.रा.बी.निगम दंत्य महाविद्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में तीसरा सरकारी दंत्य महाविद्यालय है। इस महाविद्यालय में वर्तमान में 62 छात्रों को बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है। इस महाविद्यालय में परिषद् द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम संरचना का पालन किया जाता है। यह महाविद्यालय गुरू गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से संबद्ध है। इस महाविद्यालय को भारतीय दंत्य परिषद (डीसीआई) द्वारा वर्ष 2014 में मान्यता दी गई। यह महाविद्यालय, विभिन्न चिकित्सा विभागों में बाह्य रोगी सेवाओं के साथ आधुनिक ऑपरेटिंग कक्षों और 10 बिस्तरों वाले आईसीयू सहित परिसर के भीतर स्थापित 300 बिस्तर वाले अस्पताल से भी संबद्ध है। आज 2015-16 बैच के 68 छात्रों को स्नातक की उपाधि और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

स्नातक दिवस समारोह (ग्रेजुएशन डे सेरेमनी) में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार और क.रा.बी.निगम के अधिकारियों सहित डॉ. नागराज एम., संकायाध्यक्ष, क.रा.बी.निगम दंत्य महाविद्यालय एवं अस्पताल, रोहिणी, दंत्य महाविद्यालय के शिक्षण स्टाफ, छात्रों और उनके माता-पिता ने भी भाग लिया।

*********